# रेल भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

## सी ई एन आर पी एफ - ०२/२०२४ - CEN RPF - 02/2024

| | |
|---|---|
| Exam Date | 02/03/2025 |
| Centre Name | |
| Exam Time | 4:00 PM - 5:30 PM |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **Arithmetic**

**Q.1** ईशा किसी कार्य को 20 दिनों में कर सकती है। ईशा और स्मृति एक साथ मिलकर उसी कार्य को 16 दिनों में कर सकती हैं, तथा ईशा, स्मृति और अश्लेषा एक साथ मिलकर उसी कार्य को 8 दिनों में कर सकती हैं। उसी कार्य को ईशा और अश्लेषा कितने दिनों में कर सकती हैं?

**Ans**
✗ 1. $\frac{79}{10}$
✗ 2. $\frac{76}{11}$
✓ 3. $\frac{80}{9}$
✗ 4. $\frac{89}{9}$

**Q.2** 0.625 का सरलतम भिन्न रूप ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✗ 1. $\frac{10}{20}$
✗ 2. $\frac{625}{1000}$
✓ 3. $\frac{5}{8}$
✗ 4. $\frac{25}{50}$

**Q.3** दोनों सिरों पर नुकीली पेंसिल, __________ का संयोजन है।

**Ans**
✗ 1. आयत और शंकु
✗ 2. आयत और बेलन
✓ 3. बेलनों और शंकुओं
✗ 4. वर्गों और शंकुओं

**Q.4** एक संख्या में 50 % की वृद्धि करने पर 2550 प्राप्त होता है। वह संख्या ________है।

**Ans**
✗ 1. 850
✗ 2. 3400
✗ 3. 5100
✓ 4. 1700

Q.5 हल कीजिए: 41 - [36 - {48 ÷ 3 - (4 - 8 ÷ 2) ÷ 2}]

Ans
✗ 1. 23
✓ 2. 21
✗ 3. 20
✗ 4. 22

Q.6 रमणीक ने ₹1,45,600 से एक व्यवसाय आरंभ किया। 5 महीने के बाद, सोमेश ₹1,50,400 के साथ उसके साथ जुड़ गया। वर्ष के अंत में उन्हें लाभ किस अनुपात में बाँटना चाहिए?

Ans
✗ 1. 53 : 48
✗ 2. 23 : 41
✗ 3. 39 : 49
✓ 4. 78 : 47

Q.7 ₹36 प्रति kg की लागत वाले गेहूं (kg में, निकटतम पूर्णांक तक पूर्णांकित) को ₹45 प्रति kg की लागत वाले 55 kg गेहूं के साथ कितनी मात्रा में मिश्रित किया जाना चाहिए ताकि मिश्रण को ₹50 प्रति kg की दर से बेचने पर 20% का लाभ हो?

Ans
✗ 1. 30
✗ 2. 28
✗ 3. 36
✓ 4. 32

Q.8 दो बैंक A और B क्रमशः 3.5% और 6% वार्षिक दर पर ऋण देते हैं। चेतन, प्रत्येक बैंक से ₹440000 की राशि उधार लेता है। 3 वर्ष बाद चेतन द्वारा दोनों बैंकों को भुगतान की गई साधारण ब्याज की राशियों के बीच धनात्मक अंतर ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 32500
✓ 2. 33000
✗ 3. 34000
✗ 4. 34500

Q.9 ₹1,200 की धनराशि 6% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर से कितने महीनों में ₹1,348.32 हो जाएगी?

Ans
✗ 1. 30 महीने
✗ 2. 18 महीने
✓ 3. 24 महीने
✗ 4. 12 महीने

Q.10 एक पाइप जल की टंकी को, एक दूसरे पाइप की तुलना में 3 गुना तेजी से भरता है। यदि दोनों पाइप मिलकर खाली टंकी को 37 मिनट में भर सकते हैं, तो धीमे जल-प्रवाह वाला पाइप अकेले टंकी को कितने समय में भर देगा?

Ans
✗ 1. 145 मिनट
✗ 2. 154 मिनट
✓ 3. 148 मिनट
✗ 4. 150 मिनट

Q.11 एक दुकानदार को क्रमशः ₹75 और ₹80 प्रति kg मूल्य वाले दो प्रकार के चावलों को किस अनुपात में मिलाना चाहिए, ताकि मिश्रण का मूल्य ₹76.5 प्रति kg हो?

Ans
✗ 1. 5 : 3
✗ 2. 3 : 7
✗ 3. 3 : 5
✓ 4. 7 : 3

Q.12 प्रथम 126 विषम प्राकृत संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 127 ✗
2. 126 ✓
3. 126.5 ✗
4. 125.5 ✗

Q.13 एक व्यक्ति 17 km/h की चाल से साइकिल चलाकर, एक पुल को 42 मिनट में पार करता है। पुल की लंबाई ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 3.8 km ✗
2. 11.9 km ✓
3. 7.3 km ✗
4. 17.4 km ✗

Q.14 हल कीजिए: 41 - [21 - {11 - (15 - 9 ÷ 3 × 2)}]

Ans
1. 17 ✗
2. 19 ✗
3. 24 ✗
4. 22 ✓

Q.15 8 संख्याओं का योगफल 840 है। उनका औसत ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 104 ✗
2. 106 ✗
3. 103 ✗
4. 105 ✓

Q.16 यदि एक लम्ब वृत्तीय बेलन के आधार की त्रिज्या 30% कम कर दी जाती है तथा इसकी ऊंचाई 224% बढ़ा दी जाती है, तो इसके आयतन में प्रतिशत वृद्धि (निकटतम पूर्णांक तक) क्या होगी?

Ans
1. 70% ✗
2. 58% ✗
3. 59% ✓
4. 83% ✗

Q.17 वह सबसे बड़ी संख्या कौन-सी है जिससे 446 और 487 को विभाजित करने पर क्रमशः 9 और 12 शेषफल प्राप्त होता है?

Ans
1. 23 ✗
2. 22 ✗
3. 25 ✗
4. 19 ✓

Q.18 पाँच संख्याओं का योगफल 655 है। पहली दो संख्याओं का औसत 77 है और तीसरी संख्या 123 है। शेष दो संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 189 ✓
2. 201 ✗
3. 200 ✗
4. 190 ✗

Q.19 दो मित्रों चेतन और विपुल की मासिक आय क्रमशः 5:7 के अनुपात में है और इनमें से प्रत्येक ₹96000 प्रति माह बचाता है। यदि इनके मासिक व्यय का अनुपात 1 : 3 है, तो चेतन की मासिक आय (₹ में) ज्ञात करें।

Ans
1. 120000 ✔
2. 121000 ✘
3. 119000 ✘
4. 168000 ✘

Q.20 एक लड़की 6 km/hr की चाल से स्कूल जाती है। वह 18 km/hr की चाल से वापस आती है। पूरी यात्रा के दौरान उसकी औसत चाल ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 10 km/h ✘
2. 9 km/h ✔
3. 4 km/h ✘
4. 11 km/h ✘

Q.21 यदि 19, 57, 81, तथा y समानुपात में हैं, तो y का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 249 ✘
2. 252 ✘
3. 243 ✔
4. 248 ✘

Q.22 20% वार्षिक दर से 3 वर्षों के लिए चक्रवृद्धि ब्याज और साधारण ब्याज के बीच अंतर ₹240 है। ऋण दिया गया मूलधन कितना है?

Ans
1. ₹1,975 ✘
2. ₹1,775 ✘
3. ₹1,875 ✔
4. ₹1,675 ✘

Q.23 नितिन किसी कार्य को 7 घंटे में कर सकता है। प्रवीण उस कार्य को 21 घंटे में कर सकता है। ऋषि की सहायता से उन्होंने 3 घंटे में कार्य पूरा कर लिया। ऋषि अकेले उस कार्य को कितने घंटे में कर सकता है?

Ans
1. 8 ✘
2. 9 ✘
3. 6 ✘
4. 7 ✔

Q.24 एक 340 m लंबी रेलगाड़ी विपरीत दिशा में 4.5 km/h की चाल से चल रहे एक व्यक्ति को 6 सेकंड में पार करती है। रेलगाड़ी की चाल (km/h में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 202.8 ✘
2. 195.6 ✘
3. 203.5 ✘
4. 199.5 ✔

Q.25 एक ऑनलाइन स्टोर ने दिवाली सप्ताह के दौरान अपने सभी परिधानों पर 20% की छूट की घोषणा की। UPI भुगतान पर ₹50 की अतिरिक्त छूट दी गई। सारा ने UPI भुगतान मोड का उपयोग करके ₹3,190 में एक साड़ी खरीदी। साड़ी का अंकित मूल्य ज्ञात कीजिए।

Ans
1. ₹4,095 ✘
2. ₹4,025 ✘
3. ₹4,050 ✔
4. ₹4,000 ✘

**Q.26** मान ज्ञात करें:

$$9^3 - 2^2 + \left(\frac{42}{3}\right)^2 - 6 + 5 \times 0 = ______$$

**Ans**
- ✗ 1. 922
- ✗ 2. 913
- ✗ 3. 918
- ✓ 4. 915

**Q.27** रघु ने एक रुपए में 10 टॉफियां खरीदीं। 400% लाभ कमाने के लिए उसे एक रुपए में कितनी टॉफियां बेचनी चाहिए?

**Ans**
- ✗ 1. पांच
- ✗ 2. तीन
- ✗ 3. चार
- ✓ 4. दो

**Q.28** $\dfrac{1\frac{1}{4} + 18.75 - 12\frac{2}{6} - 7\frac{6}{9}}{0.6 \times 8.7 - 6.98 \times 10.9}$ को सरलीकृत कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. 0.75
- ✗ 2. 1.6
- ✓ 3. 0
- ✗ 4. 1

**Q.29** रेलगाड़ी A, स्टेशन M से 7:20 AM पर निकलती है और उसी दिन स्टेशन N पर 2:20 PM पर पहुँचती है। रेलगाड़ी B, स्टेशन N से 9:20 AM पर निकलती है और उसी दिन स्टेशन M पर 2:20 PM पर पहुँचती है। रेलगाड़ी A और B के मिलने का समय ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. 9:38 PM
- ✗ 2. 10:34 AM
- ✓ 3. 11:25 AM
- ✗ 4. 1:11 PM

**Q.30** सीमा ने एक निश्चित मूल्य पर एक मोबाइल और लैपटॉप खरीदा। उसने मोबाइल को 10% के लाभ पर और लैपटॉप को 25% के लाभ पर बेचा। उसने पाया कि मोबाइल का क्रय मूल्य, लैपटॉप के विक्रय मूल्य के बराबर है। उसका लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. $14\frac{2}{3}\%$
- ✗ 2. $15\frac{2}{3}\%$
- ✓ 3. $16\frac{2}{3}\%$
- ✗ 4. $13\frac{2}{3}\%$

**Q.31** 6 cm भुजा की लंबाई वाले एक समबाहु त्रिभुज का परिमाप ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✓ 1. 18 cm
- ✗ 2. 36 cm
- ✗ 3. 6 cm
- ✗ 4. 9 cm

Q.32 इस वर्ष में 20% वृद्धि के बाद एक लैपटॉप का वर्तमान मूल्य ₹78,000 है। पिछले वर्ष लैपटॉप का मूल्य कितना था?

Ans
✔ 1. ₹65,000
✗ 2. ₹64,200
✗ 3. ₹65,450
✗ 4. ₹62,400

Q.33 तीन मित्र एक साथ दौड़ने का अभ्यास कर रहे हैं। पहला मित्र दौड़ का एक चक्कर 12 मिनट में, दूसरा मित्र 18 मिनट में और तीसरा मित्र 24 मिनट में पूरा करता है। यदि वे तीनों एक साथ दौड़ना आरंभ करते हैं, तो कितने मिनट बाद वे तीनों चक्कर को दोबारा एक साथ पूरा करेंगे?

Ans
✔ 1. 72 मिनट
✗ 2. 92 मिनट
✗ 3. 32 मिनट
✗ 4. 82 मिनट

Q.34 निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या, 4 और 9 दोनों से विभाज्य है?

Ans
✗ 1. 2345
✗ 2. 3241
✔ 3. 1728
✗ 4. 4512

Q.35 एक मोबाइल फोन का अंकित मूल्य ₹59,500 है। ग्रेट इंडियन फेस्टिव सेल के दौरान, इसे ₹47,600 में बेचा जाता है। छूट प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 21%
✗ 2. 18%
✗ 3. 16%
✔ 4. 20%

## Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.36 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी लिफ्ट, दरवाजे हैं।
सभी दरवाजे, कार हैं।
कोई कार, खिड़की नहीं है।

निष्कर्ष:
(I) : कोई लिफ्ट, खिड़की नहीं है।
(II) : कुछ कार, लिफ्ट हैं।

Ans
✗ 1. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
✔ 2. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं
✗ 3. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है
✗ 4. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है

Q.37 दी गई श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

28 39 53 70 90 ?

Ans
✗ 1. 117
✗ 2. 123
✔ 3. 113
✗ 4. 128

Q.38 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
कुछ खटमल, चींटियां हैं।
कुछ चींटियां, सांप हैं।

निष्कर्ष:
(I) : कुछ खटमल, सांप हैं।
(II) : सभी सांप, चींटियां हैं।

Ans
- ✗ 1. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
- ✗ 2. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं
- ✗ 3. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
- ✓ 4. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है

Q.39 एक निश्चित कूट भाषा में, 'CREATE' को '856629' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'ITEMS' को '96713' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'T' के लिए कूट क्या होगा?

Ans
- ✓ 1. 9
- ✗ 2. 8
- ✗ 3. 6
- ✗ 4. 3

Q.40 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'go home now' को 'ab bc de' के रूप में कूटबद्ध किया गया है और 'now is perfect' को 'df de jo' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई भाषा में 'now' को कैसे कूटबद्ध किया जाएगा?

Ans
- ✗ 1. jo
- ✓ 2. de
- ✗ 3. ab
- ✗ 4. bc


Q.41 यदि निम्नलिखित समीकरण में '+' और '×' को तथा '-' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो प्रश्न चिह्न'?' के स्थान पर क्या आएगा?
21+32-14x17÷11=?

Ans
- ✓ 1. 54
- ✗ 2. 34
- ✗ 3. 64
- ✗ 4. 44


Q.42 प्रणय बिंदु A से गाड़ी चलाना प्रारंभ करता है और पूर्व की ओर 8 km गाड़ी चलाता है। फिर वह दाएँ मुड़ता है और 11 km गाड़ी चलाता है, दाएँ मुड़ता है और 12 km गाड़ी चलाता है। फिर वह दाएँ मुड़ता है और 13 km गाड़ी चलाता है। वह अंतिम बार दाएँ मुड़ता है और 4 km गाड़ी चलाता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर दोबारा पहुंचने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) तक और किस दिशा में गाड़ी चलानी चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90° के मोड़ हैं।)


Ans
- ✗ 1. 2 km उत्तर की ओर
- ✓ 2. 2 km दक्षिण की ओर
- ✗ 3. 3 km दक्षिण की ओर
- ✗ 4. 3 km उत्तर की ओर


**Q.43** दिए गए विकल्पों में से उस आकृति का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण करने के लिए प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकती है।





**Ans**

1.



2.



3.



4.



**Q.44** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

**TMP RKN PIL NGJ ?**

**Ans**
- ✔ 1. LEH
- ✗ 2. LFH
- ✗ 3. LEG
- ✗ 4. LFG

**Q.45** उस समुच्चय का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएँ संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, केवल 13 पर की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

**211 - 2 - 209**
**102 - 6 - 96**

**Ans**
- ✔ 1. 61 - 3 - 58
- ✗ 2. 39 - 2 - 31
- ✗ 3. 44 - 5 - 38
- ✗ 4. 54 - 3 - 49

Q.46 एक निश्चित कूट भाषा में,
'A + B' का अर्थ है 'A, B का पुत्र है',
'A – B' का अर्थ है 'A, B का भाई है',
'A × B' का अर्थ है 'A, B की पत्नी है' और
'A ÷ B' का अर्थ है 'A, B का पिता है'।

यदि 'P + Q ÷ R – S × T' है तो P का T से क्या संबंध है?

Ans
✔ 1. साला/जीजा
✘ 2. पुत्र
✘ 3. ससुर
✘ 4. दादा/नाना

Q.47 उस युग्म का चयन करें जो नीचे दिए गए दो युग्मों के सेट के समान पैटर्न का पालन करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का पालन करते हैं।
UTR–TSQ
POM–ONL

Ans
✘ 1. TSQ–RRO
✔ 2. CBZ–BAY
✘ 3. TRO–RQO
✘ 4. TRO–SRP

Q.48 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'NXCH' को 'QZFJ' के रूप में कूटबद्ध किया गया है और 'EULA' को 'HWOC' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई कूट भाषा में 'ZIKR' के लिए कूट क्या है?

Ans
✔ 1. CKNT
✘ 2. DJNS
✘ 3. BINS
✘ 4. BGMR

Q.49 यदि निम्नलिखित समीकरण में '÷' और '+' को आपस में बदल दिया जाए, और '–' और '×' को आपस में बदल दिया जाए, तो समीकरण में प्रश्न- चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

$$(5-4) \div (81+9) \times (52+4) = ?$$

Ans
✘ 1. 24
✘ 2. 9
✔ 3. 16
✘ 4. 5040

Q.50 दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण करने के लिए, निम्नलिखित में से कौन-सा पद प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?

TBR 23 RFO 12 PJL 1 NNI –10 ?

Ans
✘ 1. KRE –19
✔ 2. LRF –21
✘ 3. LRE –21
✘ 4. KRF –19

Q.51 P, Q, R, S, T, U और V एक गोल-मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। U, T के बाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। P, Q के बाएं दूसरे स्थान पर बैठा है। V और P के बीच केवल T बैठा है। R, U का निकटतम पड़ोसी नहीं है। V के दाईं ओर से गिनने पर U और V के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
✘ 1. 3
✘ 2. 2
✘ 3. 1
✔ 4. 4

Q.52 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए।

(बाएं) 9 4 ^ 3 7 7 ? 1 \ 2 8 8 \ 7 $ > 3 # ? # ? (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या है और ठीक बाद भी एक संख्या है?

Ans
1. दो
2. चार ✔
3. तीन
4. एक

Q.53 दी गई श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

15 22 44 51 73 80 ?

Ans
1. 120
2. 102 ✔
3. 111
4. 121

Q.54 दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

105, 93, 78, 111, 91, 81, 117, 89, 84, ?

Ans
1. 119
2. 87
3. 115
4. 123 ✔

Q.55 एक निश्चित कूट भाषा में,
A ~ B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है'
A × B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है'
A + B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है'
A ? B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'
उपरोक्त के आधार पर, यदि 'B × R + A ~ V ? O' है, तो B का O से क्या संबंध है?

Ans
1. भाई की बहन
2. भाई की पत्नी ✔
3. भाई के पिता
4. भाई का पुत्र

Q.56 एक निश्चित तरीके से KP 14 का संबंध GL 10 से है। उसी तरह, SW 18 का संबंध OS 14 से है। उसी तर्क का पालन करते हुए, OX 13 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans
1. XO 09
2. KT 09 ✔
3. KT 11
4. MP 11

Q.57 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. RIZ
2. ARI
3. EVM
4. WNI ✔

Q.58 अंग्रेजी वर्णानुक्रम पर आधारित दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

XVM VTK TRI RPG ?

Ans
1. PNE ✔
2. ENP ✘
3. NPE ✘
4. NEP ✘

Q.59 P, Q, R, S, T, U और V एक गोल मेज के परित: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। Q के दाईं ओर से गिनने पर, Q और P के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। V के दाईं ओर से गिनने पर, S और V के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। P, V के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। U, T के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। T के दाईं ओर से गिनने पर, R और T के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
1. 3 ✔
2. 2 ✘
3. 4 ✘
4. 1 ✘

Q.60 निम्नलिखित संख्या, प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए।

(बाएं) @ 8 $ 7 + 5 4 2 Ω # 1 * £ 3 6 & 9 % (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या है और ठीक बाद एक अन्य प्रतीक है?

Ans
1. 1 ✘
2. 2 ✔
3. 4 ✘
4. 3 ✘

Q.61 यदि निम्नलिखित समीकरण में '÷' और '×' को आपस में बदल दिया जाए, तो समीकरण में प्रश्न- चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

$$(6 \div 6) \times \sqrt[3]{8} \div 8 = ?$$

Ans
1. 8 ✘
2. 18 ✘
3. 3 ✘
4. 9 ✔

Q.62 निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन अक्षर-समूह युग्म किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह में, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर अधारित नहीं है।)

Ans
1. JO - LS ✔
2. QC - AL ✘
3. HT - RC ✘
4. CO - MX ✘

Q.63 उत्तर की ओर मुख किए हुए 34 छात्रों की एक पंक्ति में, युदवीर दाएँ छोर से 20वें स्थान पर है। यदि पीयूष युदवीर के बाएँ से 8वें स्थान पर है, तो पंक्ति के बाएँ छोर से पीयूष का स्थान कौन-सा है?

Ans
1. 7वाँ ✔
2. 6वाँ ✘
3. 8वाँ ✘
4. 5वाँ ✘

Q.64 सात विद्यार्थी, Q, R, S, T, W, X और Y, उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक सीधी पंक्ति में बैठे हैं। T और Q के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। S और T के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। Q के दाईं ओर केवल X बैठा है। Y, W के दाईं ओर किसी स्थान पर लेकिन R के बाईं ओर किसी स्थान पर बैठा है। R के दाईं ओर कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
1. दो ✔
2. तीन ✘
3. एक ✘
4. चार ✘

Q.65 उत्तर की ओर अभिमुख 42 व्यक्तियों की एक पंक्ति में, शोएब दाएँ छोर से नौवें स्थान पर है। यदि ऋषि, शोएब के दाएँ से चौथे स्थान पर बैठा है, तो पंक्ति के बाएँ छोर से ऋषि का स्थान कौन-सा है?

Ans
1. 38वां ✔
2. 35वां ✘
3. 37वां ✘
4. 36वां ✘

Q.66 नरेन बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करते हुए पश्चिम की ओर 7 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 5 km ड्राइव करता है फिर बाएं मुड़ता है और 10 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 9 km ड्राइव करता है। वह अंतिम बार बाएं मुड़ता है, 3 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे छोटी दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना होगा? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90° के मोड़ हैं।)

Ans
1. 2 km उत्तर की ओर ✘
2. 3 km उत्तर की ओर ✘
3. 1 km दक्षिण की ओर ✘
4. 4 km दक्षिण की ओर ✔

Q.67 उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता हो। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

TVJ : SUI
BRW : AQV

Ans
1. FVC : EWL ✘
2. DJH : RMP ✘
3. EYU : GDO ✘
4. DPU : COT ✔

Q.68 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
सभी बकरी, पेड़ हैं।
कुछ पेड़, लौंग हैं।
कुछ लौंग, मूंगफली हैं।

निष्कर्ष:
(I): कुछ मूंगफली, बकरी हैं।
(II): कुछ लौंग, बकरी हैं।

Ans
1. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है। ✔
2. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है। ✘
3. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। ✘
4. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं। ✘


Q.69 निम्नलिखित संख्या, प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए।



(बाएं) # 5 4 @ % & * $ 6 8 Ω 9 1 7 3 £ + 2 (दाएं)

ऐसी कितनी संख्याएँ हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक अन्य संख्या है तथा ठीक बाद भी एक अन्य संख्या है?

Ans
1. 1
2. 3
3. 2 ✔
4. 4

Q.70 दर्पण को नीचे दर्शाए अनुसार 'MN' पर रखे जाने पर दिए गए संयोजन के सही दर्पण प्रतिबिंब का चयन कीजिए।




Ans
1. 
2. 
3. 
4.  ✔

Section : **General Awareness**

Q.71 तात्या टोपे (Tantia Tope) ने ________ में 1857 के विद्रोह का नेतृत्व किया।

Ans
1. कानपुर ✔
2. चेन्नई
3. पुणे
4. जयपुर

Q.72 भारत में, 'उत्तरी सरकार (Northern Circar)' क्या है?

Ans
1. एक नदी घाटी का नाम
2. एक पठार का नाम
3. एक तटीय मैदान का नाम ✔
4. एक पर्वत चोटी का नाम

Q.73 भारतीय संविधान की तीसरी अनुसूची में निम्नलिखित में से क्या शामिल है?

Ans
1. राज्य सूची
2. संघ सूची
3. मान्यता प्राप्त भाषाएँ
4. शपथ या प्रतिज्ञान के रूप ✔

Q.74 किस मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने उपचारात्मक याचिका (curative petitions) की अवधारणा पेश की?

Ans
1. रूपा अशोक हुर्रा बनाम अशोक हुर्रा और अन्य। ✔
2. एम नागराज और अन्य बनाम भारत संघ
3. इंदिरा नेहरू गांधी बनाम श्री राज नारायण
4. केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य

Q.75 16 अक्टूबर 2024 को भारत में आर्थिक विकास और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए प्रौद्योगिकी की क्षमता पर जोर देते हुए अंतर्राष्ट्रीय 6G संगोष्ठी का उद्घाटन किसके द्वारा किया गया?

Ans
1. अश्विनी वैष्णव
2. ज्योतिरादित्य एम सिंधिया
3. निर्मला सीतारमण
4. पीयूष गोयल

Q.76 वैदिक काल की अर्थव्यवस्था मुख्यतः __________ का एक संयोजन थी।

Ans
1. कृषि और अस्त्र-शस्त्र व्यापार
2. कृषि और उद्योग
3. कृषि और कपास व्यापार
4. कृषि और पशु-पालन

Q.77 निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प आदर्श गैस नियम का सबसे अच्छा वर्णन करता है?

Ans
1. स्थिर दाब पर गैस का आयतन, उसके तापमान के व्युत्क्रमानुपाती होता है।
2. स्थिर आयतन पर गैस का दाब, उसके आयतन के अनुक्रमानुपाती होता है।
3. गैसों के मिश्रण का कुल दाब, अलग-अलग गैसों के आंशिक दाबों के योगफल के बराबर होता है।
4. गैस की एक निश्चित मात्रा का दाब (P), आयतन (V) और तापमान (T) समीकरण 'PV/T = स्थिरांक' द्वारा संबंधित होते हैं।

Q.78 ___________ में 'सामाजिक और आर्थिक न्याय' की चर्चा की गई है।

Ans
1. केवल राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांत
2. केवल प्रस्तावना
3. राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांत और प्रस्तावना
4. केवल मौलिक कर्तव्य

Q.79 स्वर्णिम चतुर्भुज (GQ) राजमार्ग नेटवर्क की कुल लंबाई लगभग कितनी है?

Ans
1. 5,846 km
2. 1,700 km
3. 1,235 km
4. 7,300 km

Q.80 पूर्व-पश्चिम कॉरिडोर (East-West Corridor) की योजना निम्नलिखित में से किस भारतीय राज्य के सिलचर को गुजरात के पत्तन नगर पोरबंदर से जोड़ने के लिए बनाई गई है?

Ans
1. अरुणाचल प्रदेश
2. सिक्किम
3. असम
4. नागालैंड

Q.81 ग्रामीण गैर-कृषि रोजगार में _______________से संबंधित नौकरियाँ शामिल हैं।

Ans
1. कृषि
2. फसल की खेती
3. बुनाई, हस्तशिल्प और डेयरी जैसे उद्योग
4. मछली पकड़ने

Q.82 जून 2024 में, निम्नलिखित में से किस राजनेता ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री के रूप में शपथ ली?

Ans
1. श्री भूपेन्द्र यादव
2. श्री राजनाथ सिंह
3. श्री प्रकाश जावड़ेकर
4. श्री धर्मेन्द्र प्रधान

Q.83 भारत में बिजली उपलब्ध कराने का कार्य किस क्षेत्र द्वारा किया जाता है?

Ans
- ✗ 1. कृषि (Agriculture)
- ✗ 2. टेक्सटाइल (Textile)
- ✗ 3. खनन (Mining)
- ✓ 4. पावर (Power)

Q.84 चंद्रगुप्त मौर्य का पुत्र निम्नलिखित में से कौन था?

Ans
- ✗ 1. बृहद्रथ मौर्य
- ✗ 2. अशोक
- ✓ 3. बिंदुसार
- ✗ 4. दशरथ मौर्य

Q.85 निम्नलिखित में से कौन-सी, अतिवादियों की एक मांग नहीं थी?

Ans
- ✗ 1. पूर्ण स्वराज
- ✓ 2. संवैधानिक सुधार
- ✗ 3. पूर्ण स्वतंत्रता
- ✗ 4. स्वदेशी उद्योगों को बढ़ावा

Q.86 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार 2024 में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार किसने जीता?

Ans
- ✗ 1. दुलकर सलमान
- ✗ 2. अल्लू अर्जुन
- ✓ 3. ऋषभ शेट्टी
- ✗ 4. यश

Q.87 मई-जून 2024 में अपने परिसर में आयोजित एक कार्यशाला में, आईआईटी धारवाड़ की एक टीम ने दुनिया के पहले ___________ सहायता ड्रोन का अनावरण किया।

Ans
- ✓ 1. अग्नि बचाव (fire rescue)
- ✗ 2. सैन्य निगरानी (military surveillance)
- ✗ 3. कृषि सर्वेक्षण (agricultural survey)
- ✗ 4. टीका और दवा वितरण (vaccine and medicine distribution)

Q.88 दिसंबर 2024 में, भारत और ऑस्ट्रेलिया किन क्षेत्रों में व्यापार बढ़ाने के लिए व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते (CECA) में तेजी ला रहे हैं?

Ans
- ✗ 1. पर्यटन और शिक्षा
- ✗ 2. अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और नवाचार
- ✓ 3. कृषि, सप्लाई चैन और उभरते क्षेत्रों
- ✗ 4. रक्षा और साइबर सुरक्षा

Q.89 1971 में, लघु कृषक विकास एजेंसी (SFDA) और सीमांत कृषक एवं कृषि मजदूर (MFAL) एजेंसी की स्थापना___________ की संस्तुतियों पर की गयी।

Ans
- ✓ 1. अखिल भारतीय ऋण समीक्षा समिति
- ✗ 2. भारतीय स्थानीय स्वशासन संस्थान
- ✗ 3. अखिल भारतीय किसान संघ
- ✗ 4. अखिल भारतीय किसान सभा

Q.90 किसी व्यक्ति के विधान सभा के लिए निर्वाचित होने हेतु न्यूनतम आयु कितनी होनी चाहिए?

Ans
- ✗ 1. 21 वर्ष
- ✗ 2. 22 वर्ष
- ✗ 3. 18 वर्ष
- ✓ 4. 25 वर्ष

Q.91 भारत के किस राष्ट्रपति ने भारतीय डाकघर (संशोधन) विधेयक पर पॉकेट वीटो का प्रयोग किया था?

Ans
- ✗ 1. आर वेंकटरमन
- ✓ 2. जैल सिंह
- ✗ 3. एपीजे अब्दुल कलाम
- ✗ 4. डॉ. राजेंद्र प्रसाद

Q.92 1857 के विद्रोह में, छोटानागपुर के सिंहभूम के किस आदिवासी किसान ने कोल आदिवासियों का नेतृत्व किया था?

Ans
- ✗ 1. जतरा भगत
- ✗ 2. बुधु भगत
- ✓ 3. गोनू
- ✗ 4. बिरसा मुंडा

Q.93 ले-शातैलिए के सिद्धांत (Le Chatelier's Principle) के अनुसार, साम्यावस्था में जब किसी निकाय की सांद्रता, दाब या ताप में परिवर्तन किया जाता है, तो निकाय पर क्या प्रभाव पड़ता है?

Ans
- ✓ 1. साम्यावस्था को पुनः स्थापित करने के लिए निकाय उस दिशा में विस्थापित हो जाता है जो परिवर्तन का विरोध करती है।
- ✗ 2. निकाय की अवस्था में स्थायी परिवर्तन होगा।
- ✗ 3. निकाय बिना किसी परिवर्तन के साम्यावस्था में बना रहता है।
- ✗ 4. निकाय सदैव अभिकारकों के निर्माण के अनुकूल (favour) होगा।

Q.94 2024 में, कौन-सी कंपनी 5% प्रीमियम के साथ स्टॉक एक्सचेंजों में शामिल होकर भारत की पहली सूचीबद्ध बहुराष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमाकर्ता कंपनी बन गई?

Ans
- ✓ 1. निवा बूपा (Niva Bupa)
- ✗ 2. स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस (Star Health and Allied Insurance)
- ✗ 3. एचडीएफसी लाइफ (HDFC Life)
- ✗ 4. आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस (ICICI Prudential Life Insurance)

Q.95 9 अक्टूबर 2024 को आयोजित RBI की मौद्रिक नीति समिति (MPC) की बैठक में कितने सदस्यों ने रेपो दर को 6.5% पर बनाए रखने के निर्णय का समर्थन किया?

Ans
- ✗ 1. छह में से तीन
- ✗ 2. छह में से चार
- ✗ 3. छह में से छह
- ✓ 4. छह में से पांच

Q.96 1857 के विद्रोह से संबंधित 'रिलीफ़ ऑफ लखनऊ (Relief of Lucknow)' चित्र निम्नलिखित में से किसने चित्रित किया था?

Ans
- ✗ 1. कैप्टन ह्यूग (Captain Hugh)
- ✗ 2. कैप्टन राइट (Captain Wright)
- ✓ 3. टॉमस जोन्स बार्कर (Thomas Jones Barker)
- ✗ 4. कैप्टन मुनरो (Captain Munro)

Q.97 वैश्वीकरण से भारत में किस क्षेत्र को सर्वाधिक लाभ हुआ?

Ans
- ✓ 1. सूचना प्रौद्योगिकी
- ✗ 2. सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम
- ✗ 3. कृषि
- ✗ 4. खनन

Q.98 किस राज्य में गंगा के तट पर प्रति वर्ष गंगा सागर मेले का आयोजन किया जाता है, जहां लाखों तीर्थयात्री पवित्र स्नान करने के लिए एकत्र होते हैं?

Ans
✔ 1. पश्चिम बंगाल
✗ 2. बिहार
✗ 3. उत्तर प्रदेश
✗ 4. उत्तराखंड

Q.99 NSSO के अनुसार वर्ष 2023-24 में, भारत के लिए मौजूदा कीमतों पर प्राक्कलित नाममात्र जीडीपी (Nominal GDP) या GDP कितनी थी?

Ans
✗ 1. ₹286.32 लाख करोड़
✗ 2. ₹276.45 लाख करोड़
✗ 3. ₹306.89 लाख करोड़
✔ 4. ₹296.58 लाख करोड़

Q.100 भारत की कौन-सी पर्वतमाला, संगमरमर का स्रोत है?

Ans
✗ 1. विंध्य
✗ 2. सतपुड़ा
✔ 3. अरावली
✗ 4. हिमालय

Q.101 वायु सेना दिवस, 8 अक्टूबर 2024 को, IAF एयरशो _____ में आयोजित किया गया।

Ans
✗ 1. मुम्बई
✗ 2. नई दिल्ली
✔ 3. चेन्नई
✗ 4. बेंगलुरु

Q.102 मई 2024 में, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा लॉन्च किया गया प्रवाह (PRAVAAH) पोर्टल का क्या अर्थ है?

Ans
✗ 1. प्लेटफार्म फॉर रिटेल एप्लीकेशन, वैलिडेशन एंड अथॉरिटी (Platform for Retail Applications, VAlidation and AutHority)
✗ 2. पब्लिक रेगुलेटरी एप्लीकेशन, वैलिडेशन एंड ऑथराइजेशन हब (Public Regulatory Application, Validation, and Authorisation Hub)
✗ 3. पोर्टल फॉर रेगुलेटरी एप्लीकेशन एंड वैलिडेशन इन हाउसिंग (Portal for Regulatory Applications and Validations in Housing)
✔ 4. प्लेटफार्म फॉर रेगुलेटरी एप्लीकेशन, वैलिडेशन एंड ऑथराइजेशन (Platform for Regulatory Application, VAlidation and AutHorisation)

Q.103 निम्नलिखित में से कौन-सी फसल, मुख्य रूप से भारत के काली मिट्टी वाले क्षेत्रों में उगाई जाती है?

Ans
✗ 1. गन्ना
✗ 2. चावल
✗ 3. चाय
✔ 4. कपास

Q.104 मानव विकास का विचार ____________________ की संकल्पनाओं पर आश्रित है।
1. समता
2. सतत पोषणीयता
3. उत्पादकता
4. सशक्तिकरण

Ans
✗ 1. केवल 2 और 4
✗ 2. केवल 1, 2 और 3
✔ 3. 1, 2, 3 और 4
✗ 4. केवल 1 और 3

Q.105 निम्नलिखित में से कौन, राज्य में मंत्रिपरिषद का भाग नहीं है?

Ans
- ✗ 1. मुख्यमंत्री
- ✗ 2. कैबिनेट मंत्री
- ✓ 3. राज्यपाल
- ✗ 4. राज्य मंत्री

Q.106 श्री नारायण गुरु ने सामाजिक सुधार कार्यों के प्रवर्तन हेतु __________ में, 'श्री नारायण धर्म परिपालन योगम (SNDP)' की स्थापना की थी।

Ans
- ✗ 1. 1913
- ✗ 2. 1923
- ✗ 3. 1933
- ✓ 4. 1903

Q.107 अक्टूबर 2024 में, किस संस्थान ने स्तन कैंसर का शीघ्र पता लगाने के उद्देश्य से एक कॉम्पैक्ट डिवाइस (compact device) पेश की?

Ans
- ✗ 1. भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरु
- ✗ 2. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, बॉम्बे
- ✓ 3. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, इंदौर
- ✗ 4. अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली

Q.108 भारत और यूक्रेन के बीच कृषि और खाद्य उद्योग के क्षेत्र में सहयोग समझौते पर, 2024 के किस महीने में हस्ताक्षर किए गए?

Ans
- ✗ 1. नवंबर
- ✗ 2. जून
- ✗ 3. मार्च
- ✓ 4. अगस्त

Q.109 निम्नलिखित में से किसने भारत को अंग्रेजों के चंगुल से स्वतंत्र करवाने के लिए 'आजाद हिंद फौज' बनाने का रास्ता चुना था?

Ans
- ✗ 1. गोपाल कृष्ण गोखले
- ✗ 2. बिपिन चंद्र पाल
- ✗ 3. लाला लाजपत राय
- ✓ 4. सुभाष चंद्र बोस

Q.110 थार मरुस्थल में किस प्रकार की वनस्पति सर्वाधिक पाई जाती है?

Ans
- ✗ 1. पर्णपाती वन
- ✗ 2. उष्णकटिबंधीय वर्षावन
- ✗ 3. अल्पाइन वनस्पति
- ✓ 4. कंटीली झाड़िया और क्षुप

Q.111 भारत में ग्रामीण विकास हेतु ग्रामीण ऋण (rural credit) क्यों महत्वपूर्ण है?

Ans
- ✓ 1. यह किसानों एवं छोटे व्यवसायों को उत्पादन और विकास हेतु निधि प्राप्त करने में सहायता करता है।
- ✗ 2. इससे कृषि गतिविधियाँ में कमी आती हैं।
- ✗ 3. इससे औद्योगिक निवेश में कमी आती है।
- ✗ 4. यह शहरी प्रवासन में सहायता करता है।

**Q.112** महाशिवरात्रि, जिसे 'शिव की महान रात्रि' (Great Night of Shiva) के रूप में भी जाना जाता है, किस हिन्दू महीने में मनाई जाती है?

**Ans**
- ✗ 1. माघ
- ✓ 2. फाल्गुन
- ✗ 3. वैशाख
- ✗ 4. चैत्र

**Q.113** कौन-सा सिद्धांत यह बताता है कि किसी विलयन में प्रत्येक वाष्पशील घटक का आंशिक वाष्प दाब, उसके मोल अंश के अनुक्रमानुपाती होता है?

**Ans**
- ✗ 1. बॉयल का नियम (Boyle's Law)
- ✗ 2. हेनरी का नियम (Henry's Law)
- ✗ 3. डाल्टन का नियम (Dalton's Law)
- ✓ 4. राउल्ट का नियम (Raoult's Law)

**Q.114** एक ऋणावेशित कांच की छड़ एक लटकी हुई वस्तु को अपनी ओर आकर्षित करती है। लटकी हुई वस्तु की प्रकृति ____________।

**Ans**
- ✓ 1. धनावेशित या उदासीन हो सकती है
- ✗ 2. निश्चित रूप से धनावेशित होती है
- ✗ 3. ऋणावेशित या उदासीन हो सकती है
- ✗ 4. निश्चित रूप से ऋणावेशित होती है

**Q.115** निम्नलिखित में से कौन-सा भौतिक विज्ञानी, प्राकृतिक रेडियोधर्मिता पर अपने अभूतपूर्व अनुसंधान के लिए प्रसिद्ध है?

**Ans**
- ✗ 1. नील्स बोर (Niels Bohr)
- ✗ 2. एनरिको फर्मी (Enrico Fermi)
- ✓ 3. मैरी क्यूरी (Marie Curie)
- ✗ 4. जे. जे. थॉमसन (JJ Thomson)

**Q.116** निम्नलिखित में से किस संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा रियासतों के पूर्व शासकों के राज भत्ते (privy purse) और विशेषाधिकारों को समाप्त कर दिया गया था?

**Ans**
- ✗ 1. 36वां संशोधन अधिनियम
- ✓ 2. 26वां संशोधन अधिनियम
- ✗ 3. 44वां संशोधन अधिनियम
- ✗ 4. 42वां संशोधन अधिनियम

**Q.117** भारत में मानसून के आगमन पर निम्नलिखित में से किस शहर में सबसे पहले वर्षा होती है?

**Ans**
- ✗ 1. चंडीगढ़
- ✗ 2. लखनऊ
- ✗ 3. नागपुर
- ✓ 4. बेंगलुरु

**Q.118** 1577 में अमृतसर (स्वर्ण मंदिर) में श्री दरबार साहिब की नींव रखने वाले चौथे सिख गुरु कौन थे?

**Ans**
- ✗ 1. गुरु हर कृष्ण देव जी
- ✓ 2. गुरु राम दास जी
- ✗ 3. गुरु अर्जन देव जी
- ✗ 4. गुरु अमर दास जी

Q.119 कौन-सा संगठन शेयर बाजार को नियंत्रित और इसकी निगरानी करता है तथा कुछ नियम एवं प्रोटोकॉल लागू करके निवेशकों के लाभों की रक्षा करता है?

Ans
- ✗ 1. IRDA
- ✗ 2. IEX
- ✗ 3. RBI
- ✓ 4. SEBI

Q.120 फरवरी 2024 में लोकसभा में पेश किए गए जम्मू और कश्मीर स्थानीय निकाय कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 द्वारा किस कानून में संशोधन नहीं किया गया?

Ans
- ✗ 1. जम्मू और कश्मीर पंचायती राज अधिनियम, 1989
- ✓ 2. जम्मू-कश्मीर भूमि अधिग्रहण अधिनियम, 1995
- ✗ 3. जम्मू और कश्मीर नगर निगम अधिनियम, 2000
- ✗ 4. जम्मू-कश्मीर नगर पालिका अधिनियम, 2000